CS (Main) Exam:2015

**C-AVZ-O-DPNA**

# वाणिज्य व लेखाविधि / COMMERCE AND ACCOUNTANCY

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

| *निर्धारित समय : तीन घंटे* | *अधिकतम अंक : 250* |
|---|---|
| *Time Allowed : **Three Hours*** | *Maximum Marks : **250*** |

---

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

***ृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*समें आठ प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपे हैं ।*

*रीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*श्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*त्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*श्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख श्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य िसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*श्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*दि आवश्यक हो, तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए, तथा उनको निर्दिष्ट कीजिए ।*

*श्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया ो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

---

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=*

(a) 'क्रियाकलाप आधारित लागत निर्धारण' की संकल्पना को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए । एक संख्यात्मक उदाहरण दीजिए ।

Explain in brief the concept of 'Activity Based Costing'. Give a numerical example.

(b) "प्रचालनों से नक़दी (सी.एफ.ओ.) और कर पश्चात् मुनाफा (पैट) के बीच अंतर होता है ।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? लेखाकरण मानक – 3 का इस्तेमाल करते हुए, कारण बताइए ।

"Cash from operations (CFO) is not the same as profit after tax (PAT)." Do you agree with this statement ? Give reasons using the Accounting Standard – 3.

(c) लेखापरीक्षण और आश्वासन मानक बोर्ड (ए.ए.एस.बी.) के उद्देश्य और प्रकार्य क्या-क्या हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

What are the objectives and functions of Auditing and Assurance Standards Board (AASB) ? Explain.

(d) 'वैट' के लिए लेखाकरण, उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, समझाइए ।

Explain the accounting for VAT, with examples.

(e) अंतर्प्रक्रम मुनाफा क्या होता है ? 'अंतर्प्रक्रम मुनाफा' का उपचार, एक उदाहरण के साथ, दिखाइए ।

What is inter-process profit ? Show the treatment of inter-process profit with an example.

**Q2.** (a) ए. लि. अपनी मशीनों में से एक की बदलाई पर विचार कर रही है । विद्यमान मशीन अच्छी प्रचालन दशा में है, लेकिन कम्पनी उससे ज़्यादा बड़ी मशीन की चाहत में है । विद्यमान मशीन 5 वर्ष पुरानी है, और उसका बाकी ह्रासीय जीवन 10 वर्ष का है । मशीन को ₹ 1,50,000 में खरीदा गया था और कर प्रयोजनों के लिए ₹ 10,000 प्रति वर्ष के हिसाब से उसको मूल्यह्रासित किया जा रहा है ।

नई मशीन की लागत ₹ 2,20,000 होगी या विद्यमान मशीन के साथ बदलने पर ₹ 1,70,000 लागत आएगी । उसको ऋजु रेखा आधार पर 10 वर्ष के लिए मूल्यह्रासित किया जाएगा, किसी निस्तारण मूल्य के बिना । प्रबंधन महसूस करता है कि बढ़े हुए प्रचालनों के लिए, ₹ 30,000 की अतिरिक्त निवल कार्यशील पूँजी की आवश्यकता होगी । नई मशीन के द्वारा कंपनी चालू प्रचालनों में विस्तार कर पाएगी, जिसके फलस्वरूप वार्षिक राजस्व ₹ 60,000 बढ़ जाएगा और परिवर्ती प्रचालन लागतें ₹ 2,00,000 से बढ़ कर ₹ 2,20,000 हो जाएँगी ।

कंपनी की कर दर 35% और उसकी पूँजी लागत 10% है ।

क्या कंपनी को विद्यमान मशीन के स्थान पर दूसरी मशीन लानी चाहिए ? मानिए कि विद्यमान मशीन के विनिमय पर होने वाली हानि के लिए वर्तमान वर्ष में ही लघु-अवधि पूँजी हानि के रूप में दावा किया जा सकता है ।

A Ltd. is considering the replacement of one of its machines. The existing machine is in good operating condition, but the company is looking for a bigger machine. The existing machine is 5 years old, and has remaining depreciable life of 10 years. The machine was purchased for ₹ 1,50,000 and is being depreciated at ₹ 10,000 per year for tax purposes.

The new machine will cost ₹ 2,20,000 or ₹ 1,70,000 if exchanged with the existing machine. It will be depreciated on a straight line basis for 10 years with no salvage value. The management anticipates that, with the increased operations, there will be a need for an additional net working capital of ₹ 30,000. The new machine will allow the company to expand current operations thereby increasing annual revenue by ₹ 60,000 and variable operating costs from ₹ 2,00,000 to ₹ 2,20,000.

The company's tax rate is 35% and its cost of capital is 10%.

Should the company replace its existing machine ? Assume that the loss on exchange of existing machine can be claimed as short-term capital loss in the current year itself. *20*

(b) ए. लि. की लागत और राजस्व जानकारी निम्नलिखित है :

बिक्री पर अंशदान अनुपात = 30%; परिवर्ती लागत = ₹ 7 प्रति यूनिट; संतुलन-स्तर बिंदु 10,000 यूनिट के बराबर है । निम्नलिखित को ज्ञात कीजिए :

- कंपनी बिक्री कीमत 10% कम कर देती है, परिवर्ती लागत को कम करके ₹ 6 कर देती है और विज्ञापन पर ₹ 4,000 खर्च करती है । ₹ 6,000 के मुनाफे को कमाने के लिए, बिक्रियाँ ज्ञात कीजिए ।
- कंपनी बिक्री कीमत को 20% बढ़ा देती है; परिवर्ती लागत को कम करके ₹ 6 कर देती है और विज्ञापन पर ₹ 4,000 खर्च कर देती है । संतुलन-स्तर (ब्रेक-ईवन) बिक्री मात्रा ज्ञात कीजिए ।

Cost and revenue information of A Ltd. is as follows :

Contribution to Sales Ratio = 30%; Variable cost = ₹ 7 per unit; Break-even point is equal to 10,000 units. Find the following :

- Company reduces the selling price by 10%, reduces the variable cost to ₹ 6 and spends ₹ 4,000 on advertisement. Find sales to earn a profit of ₹ 6,000.
- Company increases the selling price by 20%; reduces the variable cost to ₹ 6 and spends ₹ 4,000 on advertisement. Find the break-even volume of sales. 15

(c) आय कर अधिनियम, 1961 के शीर्ष 'कारोबार और संव्यवसाय और कैपिटल गेन्स से आय' के अधीन समंजन और अगले लाभ से घाटा-पूर्ति के सम्बन्ध में उपबंधों को स्पष्ट कीजिए ।

Explain the provisions of the Income Tax Act, 1961 with regard to set-off and carry forward of loss under the head Income from Business and Profession and Capital Gains. 15

**Q3.** (a) श्री एस को ए. लि. द्वारा 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले पूरे वित्तीय वर्ष के दौरान दिल्ली में नियुक्त किया गया । वह निर्धारण वर्ष 2015 – 16 के लिए अपनी आय की संगणना के लिए निम्नलिखित ब्यौरे पेश करता है :

(i) मूल वेतन @ ₹ 50,000 प्रति माह

(ii) व्यक्तिगत वेतन @ ₹ 30,000 प्रति माह

(iii) वाहन भत्ता @ ₹ 3,000 प्रति माह

(iv) यूनिफॉर्म भत्ता @ ₹ 2,000 प्रति माह

(v) ज्ञान अद्यतनीकरण भत्ता @ ₹ 2,500 प्रति माह

(vi) चिकित्सा भत्ता @ ₹ 5,000 प्रति माह

(vii) मनोरंजन भत्ता @ ₹ 1,000 प्रति माह

(viii) उसको प्रति वर्ष ₹ 15,000 के गिफ्ट वाउचर दिए जाते हैं ।

(ix) उसका नियोक्ता उसके मूल वेतन का 15% मान्यताप्राप्त भविष्य निधि खाते में जमा करा देता है । निधि के लिए उसके अंशदान के रूप में उसके वेतन से तुल्य (उतनी ही) धनराशि की कटौती की जाती है ।

(x) अपनी आवासीय सुविधा के लिए उसको ₹ 20,000 प्रति माह मकान किराया भत्ता मिलता है; यह उसके द्वारा अदा किए जा रहे ₹ 25,000 प्रति माह के विरुद्ध है ।

(xi) उसके नियोक्ता ने संपूर्ण वर्ष के लिए उसके आवासीय घर के बिजली और टेलीफोन के बिलों की अदायगी की, जिनकी धनराशि क्रमश: ₹ 70,000 और ₹ 20,000 थी ।

(xii) वर्ष के दौरान उसने निम्नलिखित अदायगियाँ की थीं :

I. जीवन बीमा प्रीमियम ₹ 1,20,000 (बीमा राशि ₹ 10 लाख है)

II. अपने वयस्क बेटे के जीवन पर जीवन बीमा प्रीमियम ₹ 25,000

III. नक़दी अदायगी किया गया मेडिक्लेम पॉलिसी प्रीमियम ₹ 30,000

IV. अनुमोदित पूर्त न्यास (चैरिटेबल ट्रस्ट) को ₹ 2,00,000 का दान

निर्धारण वर्ष 2015 – 16 के लिए, उसकी करयोग्य आय की संगणना कीजिए ।

Mr. S is employed by A Ltd. at Delhi throughout the financial year ended on 31st March, 2015. He furnishes the following particulars for computation of his income for the assessment year 2015 – 16 :

(i) Basic Salary @ ₹ 50,000 per month

(ii) Personal Pay @ ₹ 30,000 per month

(iii) Conveyance Allowance @ ₹ 3,000 per month

(iv) Uniform Allowance @ ₹ 2,000 per month

(v) Knowledge Update Allowance @ ₹ 2,500 per month

(vi) Medical Allowance @ ₹ 5,000 per month

(vii) Entertainment Allowance @ ₹ 1,000 per month

(viii) He is provided with gift vouchers of ₹ 15,000 per year.

(ix) His employer contributes 15% of the basic salary to his recognised provident fund account. Similar amount is deducted from his salary as his contribution to the fund.

(x) He gets house rent allowance @ ₹ 20,000 per month against a rent of ₹ 25,000 per month paid by him for his residential accommodation.

(xi) His employer paid electricity and telephone bills of his residential house amounting to ₹ 70,000 and ₹ 20,000 respectively for the whole year.

(xii) During the year he made the following payments :

I. Life insurance premium ₹ 1,20,000 (sum assured is ₹ 10 Lacs)

II. Life insurance premium on the life of his major son ₹ 25,000

III. Mediclaim policy premium paid in cash ₹ 30,000

IV. Donation of ₹ 2,00,000 to an approved charitable trust

Compute his taxable income for the assessment year 2015 – 16. 25

(b) लेखापरीक्षण में प्रतिचयन की आवश्यकता और महत्त्व क्या है ? लेखापरीक्षण का संचालन करते समय अपनाई जाने वाली विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं की संक्षेप में रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए ।

What is the need and importance of sampling in audit ? Briefly outline the analytical procedures to be adopted while conducting audit. 15

(c) 'प्रति शेयर बुनियादी अर्जन' और 'प्रति शेयर तनूकृत अर्जन' के बीच, भारतीय लेखाकरण मानक के उल्लेख के साथ, विभेदन कीजिए ।

Differentiate between 'Basic Earnings Per Share' and 'Diluted Earnings Per Share' with reference to Indian Accounting Standard. 10

**Q4.** (a) निम्नलिखित सारणी X लि. के वित्तीय मदों को, जैसे कि वे 1 अप्रैल, 2014 को थी, दर्शाती है :

| मदें | ₹ |
|---|---|
| अमूर्त परिसंपत्तियाँ | 50,000 |
| मालसूचियाँ लागत पर | 1,00,000 |
| शेयर पूँजी (फेस वैल्यू = ₹ 2 प्रति शेयर) | 50,000 |
| नक़दी और बैंक बैलेंस | 1,50,000 |
| 10% बॉण्ड | 25,000 |
| रिसीवेबल (प्राप्य) | 30,000 |
| कुल स्रोत | 3,60,000 |
| ऋणदाता (लेनदार) | 25,000 |
| संयंत्र (मूल्यह्रास का निवल) | 30,000 |
| संयंत्र (लागत पर) | 50,000 |

वर्ष के दौरान लेनदेन नीचे दिए गए हैं :

(i) मालसूचियों का 60% ₹ 2,00,000 के उधार पर बेचा गया ।

(ii) अवधि के लिए पूर्णतया अदा किया गया वेतन ₹ 20,000.

(iii) प्रति वर्ष किराया ₹ 10,000 तीन वर्ष के लिए अदा किया ।

(iv) अमूर्त परिसंपत्तियाँ अगले चार वर्षों पर बराबर-बराबर परिशोधित ।

(v) संयंत्र 4 वर्ष पुराना है । मूल्यह्रास, ऋजु रेखा विधि (एस.एल.एम.) का इस्तेमाल करते हुए (कर और लेखाकरण दोनों प्रयोजनों के लिए) वसूल किया गया है ।

(vi) Y लि. के शेयर ₹ 20 प्रति शेयर की दर से, जारी करके ₹ 50,000 के खरीदे गए ।

(vii) 31 मार्च, 2014 को (ब्याज की अदायगी के बाद) ₹ 25 प्रति अंश की बाज़ार क़ीमत पर शेयर जारी करके बॉण्डों की क्षतिपूर्ति की गई ।

(viii) 60% ऋणदाताओं (लेनदारों) का ऋण चुका दिया गया ।

(ix) कर की अदायगी मुनाफे के 30% की दर से की गई ।

1 अप्रैल, 2014 और 31 मार्च, 2015 की स्थिति के अनुसार तुलन पत्रों को तैयार कीजिए और साथ ही 31 मार्च, 2015 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ-हानि खाता और नक़दी खाता भी तैयार कीजिए ।

Following table shows relevant financial items of X Ltd. as on 1st April, 2014 :

| *Items* | ₹ |
|---|---|
| Intangible Assets | 50,000 |
| Inventories at cost | 1,00,000 |
| Share Capital (Face Value = ₹ 2 per share) | 50,000 |
| Cash and Bank balances | 1,50,000 |
| 10% Bonds | 25,000 |
| Receivables | 30,000 |
| Total Sources | 3,60,000 |
| Creditors | 25,000 |
| Plant (Net of depreciation) | 30,000 |
| Plant at cost | 50,000 |

Transactions during the year are given below :

(i) Sold 60% of the inventories on credit for ₹ 2,00,000.

(ii) Salary for the period paid fully ₹ 20,000.

(iii) Rent per year ₹ 10,000. Paid rent for three years.

(iv) Intangible assets amortized over next four years equally.

(v) Plant is 4 years old. Depreciation is charged using the Straight Line Method (SLM) (for both tax and accounting purposes).

(vi) Purchased shares of Y Ltd. worth ₹ 50,000 by issuing shares at ₹ 20 per share.

(vii) Redeemed Bonds on 31$^{st}$ March, 2014 (after the payment of interest) by issuing shares at the market price of ₹ 25 per share.

(viii) Paid off 60% of the creditors.

(ix) Tax paid @ 30% of profits.

Prepare Balance Sheets as at 1$^{st}$ April, 2014 and 31$^{st}$ March, 2015 along with Profit & Loss a/c and Cash a/c for the year ended on 31$^{st}$ March, 2015. *30*

(b) विभाज्य लाभों और लाभांशों के बीच विभेदन कीजिए ।

Distinguish between Divisible profits and Dividends. *10*

(c) अतिरिक्त मूल्य कर (वैट) के उद्ग्रहण (लैवी) के यांत्रिकत्व (क्रियाविधि) पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the mechanism of levy of Value Added Tax. *10*

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**
**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, लीवरेज और लाभकारिता के बीच सम्बन्ध का परीक्षण कीजिए ।
Examine with an example the relationship between leverage and profitability.

(b) विद्युत् क्षेत्रक कंपनी के लिए उधार-पात्रता निर्धारण की प्रासंगिकता पर एक टिप्पणी लिखिए ।
Write a note on the relevance of credit-rating for a power sector company.

(c) कंपनी द्वारा अपने शेयरों की वापस खरीद (बाई-बैक) के लिए 'सेबी' के विनियमों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए ।
Explain in brief the regulations of SEBI for Buy-back of shares by a company.

(d) संक्षेप में वे कारक स्पष्ट कीजिए, जो किसी कंपनी की लाभांश नीति का निर्धारण करते हैं ।
Explain briefly the factors that determine the dividend policy of a company.

(e) "प्रतिधारित अर्जनों की कोई लागत नहीं होती है ।" टिप्पणी कीजिए ।
"Retained earnings have no cost." Comment.

**Q6.** (a) निम्नलिखित फर्मों के लिए प्रचालन लीवरेज की मात्रा, वित्तीय लीवरेज की मात्रा और संयुक्त लीवरेज की मात्रा का परिकलन कीजिए :

| | N | S | D |
|---|---|---|---|
| उत्पादन (यूनिटों में) | 17,500 | 6,700 | 31,800 |
| अपरिवर्ती लागतें (₹) | 4,00,000 | 3,50,000 | 2,50,000 |
| दीर्घावधि उधार पर ब्याज (₹) | 1,25,000 | 75,000 | कोई नहीं |
| प्रति यूनिट बिक्री कीमत (₹) | 85 | 130 | 37 |
| प्रति यूनिट परिवर्ती लागत (₹) | 38 | 42·50 | 12 |

आपको अपने परिकलन के परिणामों का अर्थ भी निकालना है ।

Calculate the degree of operating leverage, degree of financial leverage and degree of combined leverage for the following firms :

| | N | S | D |
|---|---|---|---|
| Production (in units) | 17,500 | 6,700 | 31,800 |
| Fixed costs (₹) | 4,00,000 | 3,50,000 | 2,50,000 |
| Interest on long-term loan (₹) | 1,25,000 | 75,000 | NIL |
| Selling price per unit (₹) | 85 | 130 | 37 |
| Variable cost per unit (₹) | 38 | 42·50 | 12 |

You are also required to interpret the results of your calculation. 20

(b) निम्नलिखित स्थितियों में से प्रत्येक में इस्तेमाल किए जाने वाले महत्त्वपूर्ण अनुपातों को स्पष्ट कीजिए :

(i) कोई कंपनी ₹ 50 लाख की कार्यशील पूँजी की सुविधा के लिए किसी बैंक से अनुरोध करती है ।

(ii) एक दीर्घावधि ऋणदाता जो जानना चाहता है कि उसका दावा पर्याप्त रूप से रक्षित है या कि नहीं है ।

(iii) एक शेयरधारी जो किसी कंपनी में अपनी संपत्ति को निवेशित रखे या कि बेच डाले, इसका निर्णय लेने के लिए अपने पोर्टफोलियो को खंगाल रहा है ।

(iv) एक वित्तीय प्रबंधक जो उपलब्ध संसाधनों के किए जा रहे उपयोग की प्रभाविता को जानने का इच्छुक है ।

Explain the important ratios that will be used in each of the following situations :

(i) A bank is approached by a company for a working capital facility of ₹ 50 lacs.

(ii) A long-term creditor who is interested in knowing whether his claim is adequately secured.

(iii) A shareholder who is examining his portfolio to decide whether to hold or sell his holdings in the company.

(iv) A finance manager who is interested to know the effectiveness with which the available resources are utilised. 15

(c) निम्नलिखित ऋण प्रपत्रों की प्रकृति का वर्णन कीजिए :

(i) डीप डिस्काउंट बॉण्ड

(ii) तिरती दर बॉण्ड

(iii) विस्तारी नोट

(iv) कचरा (घटिया) बॉण्ड

Describe the nature of the following debt instruments : 15

(i) Deep Discount Bonds

(ii) Floating Rate Bonds

(iii) Extendable Notes

(iv) Junk Bonds

**Q7.** (a) S लि. के 31 मार्च, 2012 और 31 मार्च, 2013 के तुलन पत्र निम्नलिखित हैं :

| ब्यौरे | 31-3-2012 ₹ | 31-3-2013 ₹ |
|---|---|---|
| I. ईक्विटी और देयताएँ : | | |
| शेयरधारियों की निधियाँ : | | |
| शेयर पूँजी | 50,000 | 70,000 |
| सामान्य रिज़र्व | 5,000 | 8,000 |
| लाभ और हानि खाता | 10,000 | 15,000 |
| चालू देयताएँ : | | |
| लेनदार | 15,000 | 19,000 |
| देय बिल | 4,000 | 5,000 |
| बकाया खर्चे | 1,000 | 500 |
| | 85,000 | 1,17,500 |
| II. परिसंपत्तियाँ : | | |
| अ-चालू (अप्रचलित) परिसंपत्तियाँ : | | |
| भवन | 50,000 | 80,000 |
| मशीनरी | 8,000 | 12,000 |
| चालू परिसंपत्तियाँ : | | |
| विक्रेय स्टॉक | 5,000 | 7,500 |
| ऋणी (देनदार) | 20,000 | 15,000 |
| रोकड़ और बैंक शेष | 2,000 | 3,000 |
| | 85,000 | 1,17,500 |

इससे आगे निम्नलिखित जानकारी उपलब्ध है :

(i) भवन पर ₹ 5,000 और मशीनरी पर ₹ 2,000 का मूल्यह्रास वर्ष 2012 – 2013 के लिए प्रभारित किया गया है ।

(ii) एक मशीन जिसकी लागत ₹ 1,200 थी, को 1 अप्रैल, 2012 को ₹ 800 में बेच दिया गया था । उस पर 31 मार्च, 2012 तक ₹ 700 के मूल्यह्रास का प्रावधान किया गया था ।

31 मार्च, 2013 को समाप्त हुए वर्ष के लिए वर्गीकृत नक़दी प्रवाह विवरण तैयार कीजिए ।

The Balance Sheets of S Ltd. at 31st March, 2012 and 31st March, 2013 are as under :

| Particulars | 31-3-2012 ₹ | 31-3-2013 ₹ |
|---|---|---|
| I. Equity and Liabilities : | | |
| Shareholder's Funds : | | |
| Share Capital | 50,000 | 70,000 |
| General Reserve | 5,000 | 8,000 |
| Profit and Loss A/c | 10,000 | 15,000 |
| Current Liabilities : | | |
| Creditors | 15,000 | 19,000 |
| Bills Payable | 4,000 | 5,000 |
| Outstanding Expenses | 1,000 | 500 |
| | 85,000 | 1,17,500 |
| II. Assets : | | |
| Non-Current Assets : | | |
| Building | 50,000 | 80,000 |
| Machinery | 8,000 | 12,000 |
| Current Assets : | | |
| Stock in Trade | 5,000 | 7,500 |
| Debtors | 20,000 | 15,000 |
| Cash and Bank Balance | 2,000 | 3,000 |
| | 85,000 | 1,17,500 |

Following further information is available :

(i) Depreciation of ₹ 5,000 on building and ₹ 2,000 on machinery has been charged for the year 2012 – 2013.

(ii) A machine costing ₹ 1,200 was sold on 1st April, 2012 for ₹ 800. Depreciation of ₹ 700 was provided on the same upto 31st March, 2012.

Prepare classified cash flow statement for the year ended on 31st March, 2013. *20*

(b) कार्यशील पूँजी आवश्यकता को प्रभावित करने वाले कारकों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए ।

Explain briefly the factors influencing the working capital requirement. *15*

(c) पूँजी निवेश निर्णय के मूल्यांकन की आंतरिक प्रतिफल दर (आई.आर.आर.) विधि की उपयोगिता और परिसीमाओं पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the utility and limitations of Internal Rate of Return (IRR) method of appraising a capital investment decision. *15*

**Q8.** (a) भारत में बीमा कारोबार के विनियमन में 'इर्डा' (आई.आर.डी.ए.) की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ।

Explain the role of IRDA in regulating insurance business in India. *15*

(b) पूँजी संरचना की थियोरी पर मोदीग्लियानी-मिलर (एम.एम.) उपागम का एक समालोचनात्मक मूल्य-निरूपण प्रस्तुत कीजिए ।

Give a critical appraisal of the Modigliani-Miller (MM) approach to the theory of capital structure. *20*

(c) कॉर्पोरेट पुन:संरचना क्या है ? प्रमुख रूपों को बताइए, जिनमें इसको किया जा सकता है ।

What is corporate restructuring ? State the major forms in which it can be carried out. *15*